# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–28.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. झारखंड में अंतिम चरण के चुनाव को लेकर प्रचार अभियान तेज, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दुमका एयरपोर्ट मैदान में करेंगे चुनावी सभा, गोड्डा में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में कांग्रेस नेता चलाएंगे जनसंपर्क अभियान।
2. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने झारखंड की तीन लोकसभा सीटों पर 1 जून को होने वाले चुनाव को लेकर पीठासीन पदाधिकारियों को मतदान प्रक्रिया में तेजी लाने का दिया निर्देश।
3. टेंडर कमीशन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी आज ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव मनीष रंजन से करेगा पूछताछ।
4. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नियमित जमानत पर झारखंड उच्च न्यायालय में दायर की गई याचिका, सुनवाई आज।
5. झारखंड में इस वर्ष जून में सामान्य से कम बारिश, मौसम विभाग के अनुसार पलामू में चलेगी लू, रांची का पारा कल जा सकता है 42 डिग्री पार।

******************

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी आज झारखंड के दुमका हवाई अड्डा मैदान में एक चुनावी बैठक को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम विजय संकल्प यात्रा का हिस्सा है। श्री मोदी दुमका संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। वे झारखंड मुक्ति मोर्चा संस्थापक शिबू सोरेन की बहू हैं। उनका मुकाबला झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के नलिन सोरेन के साथ है। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा कल देवघर में तीन चुनावी बैठकों को संबोधित करेंगे। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी बृहस्पतिवार को जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में पहली जून को झारखंड में संथाल क्षेत्र के गोड्डा, दुमका और साहिबगंज सीट पर वोट डाले जाएंगे। 2019 के चुनाव में साहिबगंज सीट झारखंड मुक्तिमोर्चा ने जीती थी।

इधर गोड्डा में कांग्रेस ने पूरी मजबूती के साथ प्रचार अभियान करने की तैयारी में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप यादव के पक्ष में कांग्रेस नेता सभी विधानसभा में जनसंपर्क अभियान चलाएंगे और लोगों से सीधा संवाद करेंगे।

******************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राजमहल, दुमका और गोड्डा लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 1 जून को होने वाले मतदान में शिथिलता नहीं बरतने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया है। उन्होंने पीठासीन पदाधिकारियों को चेन सिस्टम के माध्यम से मतदान में तेजी लाने को कहा है। के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदाताओं को क्रमबद्ध मतदान कक्ष में प्रवेश कराते हुए मतदान कराना सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान केंद्र से दूर रहने वाले मतदाताओं के लिए वाहन की टैगिंग करें ताकि मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाया जा सके।

दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए भी वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया है।

*******************

गोड्डा लोकसभा चुनाव में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए गोड्डा पुलिस ने शहर में मोटरसाइकिल गश्त आरंभ कर दी है। इस दौरान शराब के अड्डों पर भी धावा बोला गया और नशेड़ियों को खदेड़ा गया। यह गस्ती चुनाव तक रात और दिन दोनों समय की जाएगी।

*******************

टेंडर कमीशन घोटाला मामले में ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव मनीष रंजन से प्रवर्तन निदेशालय–ईडी आज पूछताछ करेगा। ईडी ने मनीष रंजन को इससे पहले पूछताछ के लिए समन कर 24 मई को बुलाया था लेकिन वे नहीं गए थे। उन्होंने ईडी को पत्र भेजकर आग्रह किया था कि पूछताछ के लिए उन्हें समय दिया जाए लेकिन ईडी ने अगले ही दिन उन्हें समन कर 28 मई को फिर पूछताछ के लिए बुलाया। इससे पहले कल ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद उन्हें पीएमएलए की विशेष कोर्ट में प्रस्तुत किया और रिमांड बढ़ाने का आग्रह किया। ईडी की आग्रह पर पीएमएलए की विशेष कोर्ट में आलमगीर आलम से तीन दिन और पूछताछ करने की स्वीकृति प्रदान की है। अगर आज मनीष रंजन पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय पहुंचते हैं तो आलमगीर आलम के साथ उनसे पूछताछ की जा सकती है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*******************

झारखंड उच्च न्यायालय में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नियमित जमानत याचिका पर आज सुनवाई होगी। बड़गाईं अंचल स्थित आठ दशमलव आठ छह एकड़ जमीन से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी हेमंत सोरेन की ओर से जमानत याचिका दायर की गयी है। हाईकोर्ट से हेमंत सोरेन ने जमानत देने का आग्रह किया है। आज यह मामला न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय की अदालत में यह मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। प्रार्थी हेमंत सोरेन की ओर से कहा गया है कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनके खिलाफ जो जमीन कब्जे का आरोप लगाया गया है वह पूरी तरह से झूठ पर आधारित है बेबुनियाद है।

*******************

गुमला जिले में विश्व पर्यावरण दिवस के तहत 26 मई से आगामी 5 जून तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता।

साउंड बाइट – नरेश कुमार, गुमला – 49 सेकेंड

******************

इंदौर से हावड़ा जाने वाली शिप्रा एक्सप्रेस में कोच अटेंडेंट ने यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार किया और उनके साथ मारपीट की। इसके बाद जीआरपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो जंक्शन पर ट्रेन के पहुंचने के बाद पांच कोच अटेंडेंट को गिरफ्तार कर धनबाद जेल भेज दिया है।

******************

रांची रेलमंडल की कई ट्रेनों की समय–सारिणी में जून से बदलाव होगा। इस संबंध में दक्षिण–पूर्व रेलवे गार्डेन रिच कोलकाता के उप–मुख्य परिचालन प्रबंधक श्रीनिवास सामंत ने सभी रेलमंडल को पत्र भेजा है और नई समय–सारिणी को लेकर सुझाव भी दिए हैं। फिलहाल नई समय सारिणी कब से प्रभावी होगी और रांची से किस ट्रेन का परिचालन नई समय सारिणी से होगा, इसकी मंडलस्तर पर अधिकारिक सूचना नहीं दी गई है।

******************

झारखंड में इस वर्ष जून महीने में सामान्य से कम बारिश का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने किया है। मौसम विभाग के अनुसार पलामू प्रमंडल में जून महीने में लू चल सकती है। वहीं तापमान में भी उतार चढ़ाव देखा जा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में आए तूफान रेमल का आंशिक असर भी झारखंड में देखा गया। इसकी वजह से संताल और कोल्हान के कुछ हिस्सों में बादल छाए रहे और बारिश हुई। राजधानी रांची में कल तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने किया है। आज चतरा लातेहार गढ़वा और पलामू को छोड़ कई जिलों में बारिश होने की संभावना है।

******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड अवधि और पूर्व ग्रामीण विकास विभाग सचिव से आज होने वाली पूछताछ की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

हिन्दुस्तान लिखता है– संताल में चरम पर पहुंचा चुनाव प्रचार, राजनाथ सिंह ने कहा धर्म के आधार पर आरक्षण को हर हाल में करेंगे खत्म। कल्पना सोरेन ने कहा–सजग हो जाइये, यह वक्त हालात को बदलने का है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है – झारखंड में जून में होगी सामान्य से कम बारिश, इस बार हीटवेव के दिन दो गुना होंगे।

प्रभात खबर ने लिखा है – बार में मर्डर, विवाद होने पर की ताबड़तोड़ फायरिंग, डीजे संचालक की गोली मार हत्या।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– कुछ लोगों को पाकिस्तान से मिल रहा समर्थन, गंभीर जांच का विषय।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– पूरे उत्तर भारत में गर्मी का कहर।

वहीं राष्ट्रीय नवीन मेल लिखता है– लोकसभा चुनाव के बीच राजधानी के बार में हत्या। और अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने बंगाल की खाड़ी में आए तूफान की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*********समाप्त*********